कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री अखिलेश कुमार मिश्रा पंचायत समिति के सामने दौसा जिला दौसा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा
अपील सं0 39/2019

निर्णय दिनांक : 01.10.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/1978 दिनांक 05.09.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा द्वारा उनके पत्रांक पीए/एफ-42/आरटीआई/2019/3274 दिनांक 01.10.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) दौसा द्वारा निर्धारित समयावधि में आवेदक को सूचना का विवरण अस्पष्ट होने के कारण कार्यालय समय मे कार्यालय मे उपस्थित होकर कार्यालय मे उपलब्ध रिकार्ड/पत्रावली का अवलोकन कर चाही गई सूचना से अवगत कराने हेतु पत्रांक पीए/एफ-42/आरटीआई/2019/2972 दिनांक 20.08.2019 द्वारा निर्देशित किया गया। जिसकी छायाप्रति भी पत्रावली मे संलग्न है। अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा के कार्यालय मे उपस्थित होकर वांछित सूचना प्राप्त किया जाना अपेक्षित है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official